

## टेस्ट क्रिकेट में वर्ल्ड क्लास बोलरों की कमीः तेंडुलकर

इंदौर। महान क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर खेल के पारंपरिक प्रारूप को लेकर चिंतित हैं। सचिन को लगता है कि टेस्ट क्रिकेट को लेकर जो दिलचस्पी पहले बनी रहती थी, अब वह समाप्त हो गई है। 70 और 80 के दशक में सुनील गावस्कर बनाम एंडी रॉबर्ट्स, डेनिस लिली या इमरान खान के बीच गेंद और बल्ले की भिड़ंत देखने का इंतजार रहता था। इसी तरह तेंडुलकर बनाम ग्लेन मैकग्रा या वसीम अकरम के बीच मुकाबला भी आकर्षण का केंद्र रहता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, तेंडुलकर को ऐसा ही लगता है, जिन्होंने अपने 24 साल के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 टेस्ट मैच खेले हैं। इस भारतीय क्रिकेटर ने अपने पदार्पण (15 नवंबर 1989) के बाद से पिछले 30 वर्षों में क्रिकेट में हो रहे बदलाव का आकलन करते हुए कहा, श्लोग जो प्रतिद्वंद्विता देखना चाहते थे, वह अब नहीं रही है क्योंकि इस समय विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजों की बहुत कमी है। मुझे लगता है कि इस चीज की कमी अखरती है। इसमें कोई शक नहीं कि तेज गेंदबाजों का स्तर बेहतर किया जा सकता है।

टेस्ट क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा केवल तीन देशों (भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड) तक ही सीमित है तो इस बारे के बारे में पूछने पर वह भी इससे सहमत थे। तेंडुलकर ने कहा, टेस्ट क्रिकेट का स्तर नीचे गिरा है, जो टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी खबर नहीं है।

# बांग्लादेश को 150 पर ढेर कर भारत की मजबूत शुरूआत

**क्रिकेट**

### पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 1 विकेट गंवाकर जोड़े 86 रन

शमी ने झटके 3 विकेट, उमेश, इशांत और अश्विन के नाम 2–2 विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैच की सीरीज का बृहस्पतिवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में आगाज करने उतरी टीम इंडिया ने पहले दिन शानदार खेल दिखाते हुए बांग्लादेश को बैकफुट पर धकेल दिया है। पहला दिन पूरी तरह भारत के नाम रहा। टॉस जीतकर यहां पहले बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की टीम महज 150 रन पर ही सिमट गई। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने सर्वाधिक (3x27), जबकि इशांत, उमेश और स्टार ऑफ स्पिनर अश्विन 2–2 विकेट अपने नाम किए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया ने रोहित शर्मा के रूप में एक विकेट गंवाकर 86 रन जोड़ लिए



हैं। चेतेश्वर पुजारा (37') और मयंक अग्रवाल (43') अपनी–अपनी 50 की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

बांग्लादेश को सस्ते में समेट पर बैटिंग पर उतरी टीम इंडिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और ओपनिंग बल्लेबाज रोहित शर्मा (6) जल्दी ही पविलियन लौट गए। रोहित को तेज गेंदबाज अबु जावेद ने विकेटकीपर लिटन दास के हाथों कैच करा दिया। हालांकि रोहित के बाद भारत के डिपेंडेबल बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने मयंक अग्रवाल के साथ टीम की पारी को बखूबी संभाला और फिर दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया को कोई और झटका नहीं लगने दिया। स्टंप के समय मयंक अग्रवाल 81 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 37 रन पर नाबाद लौटे और दूसरे छोर मयंक के पार्टनर पुजारा 61 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 43 रन बनाकर नाबाद लौटे। शुक्रवार को दोनों बल्लेबाज पहले अपने–अपने अर्धशतक की ओर बढ़ेंगे और फिर भारत को मैच में और मजबूत करने का दमखम लगाएंगे। दोनों बल्लेबाजों दिन के अंतिम सेशन में करीब 18 ओवरों तक बल्लेबाजी की। इससे पहले मोहम्मद शमी की अगुआई में टीम इंडिया ने शानदार खेल दिखाया। शमी ने सर्वाधिक तीन विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा अश्विन, उमेश यादव और इशांत शर्मा ने भी 2–2 विकेट अपने नाम किए। बांग्लादेश के कप्तान मोमिनुल हक ने यहां टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया था।

बांग्ला टीम को भारतीय क्षेत्ररक्षकों का काफी साथ भी मिला क्योंकि मैच के पहले दिन टीम इंडिया ने कई कैच भी टपकाए थे लेकिन इसके बावजूद मेहमान टीम के बल्लेबाज इन मौकों का लाभ नहीं उठा पाए और उनकी पूरी टीम महज 58.3 ओवर ही खेल पाई, जिसमें वे 150 रन ही बोर्ड पर टांग पाए। उसके लिए मुशफिकुर रहीम ने सबसे अधिक 43 रन बनाए, जबकि कप्तान मोमिनुल हक ने 37 रनों की पारी खेली।

## ओलिंपिक के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति लाया खास हिंदी चैनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मैड्रिड। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति का ओलिंपिक चैनल अब हिंदी में भी उपलब्ध है, जिसमें पूरे साल ओलिंपिक सितारों से जुड़ी दिलचस्प कहानियां और ओलिंपिक खेलों से जुड़ी जानकारी हिंदी में उपलब्ध होगी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओलंपिकचौनल.काम और इसकी मोबाइल ऐप पर अब दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए 12 भाषाओं में सामग्री उपलबध होगी, जिसमें हिंदी भी शामिल है।

इसके जरिए स्थानीय स्तर पर दैनिक सामग्री, समाचार, फीचर्स और साथ ही साथ ओलिंपिक से जुड़े भारतीय खिलाड़ियों, टीमों और खेलों पर आधारित ऑरिजनल सीरीज और




डॉक्यूमेंट्री को प्रस्तुत किया जाएगा। हिंदी में सेवा के शुरू होने के साथ ही दर्शक चार भाग की नई डॉक्यूमेंट्री शक्तिः भारत की सुपरवुमेन देख सकते हैं।

ओलिंपिक चैनल की इस ऑरिजनल सीरीज में भारतीय महिला खिलाड़ियों दीपा करमाकर, दीपिका कुमारी, साक्षी मलिक और संध्या शेट्टी को उनके खेलों में आई मुश्किलों से पार पाकर अपने सपनों को हासिल करने के सफर को बखूबी दर्शाया गया है।

आईओसी वैश्विक ओलिंपिक चैनल के महाप्रबंधक मार्क पार्कमैन ने कहा, वैश्विक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिंदी भाषा की उपलब्धता ओलिंपिक चैनल के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। जहां हम दुनिया भर के ओलिंपिक प्रशंसकों को अधिक से अधिक व्यक्तिगत अनुभव देने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, यह दुनिया भर में और अधिक प्रशंसकों के साथ जुड़ने और रोमांचक ओलिंपिक कहानियों से सीधे उन्हें जोड़ने का माध्यम है। हमारी यही कोशिश है कि हम टोक्यो 2020 तक पहुंचने के सफर को दिलचस्प और मजेदार बना सकें।

## श्रीकांत हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को यहां सात महीने बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन उनके साथी भारतीय खिलाड़ी एचएस प्रणय चार लाख डालर इनामी हांगकांग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पुरुष एकल के दूसरे दौर में हमवतन सौरभ वर्मा को कड़े मुकाबले में 21–11 15–21 21–19 से हराया। नवीनतम विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने पिछली बार अप्रैल में सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। पहले दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा के खिलाफ वाकओवर हासिल करने वाले श्रीकांत अगले दौर में चीन के ओलंपिक चैंपियन चेन लोंग से भिड़ेंगे। प्रणय को हालांकि दूसरे दौर में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी के खिलाफ 12–21 19–21 से हार झेलनी पड़ी।

## न्यूज डायरी



### अजिंक्य रहाणे आईपीएल 2020 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स ने अजिंक्य रहाणे को दिल्ली कैपिटल्स के साथ ट्रेड किया है। गुरुवार 14 नवंबर को इसकी घोषणा की गई। वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने लेग स्पिनर मयंक अग्रवाल और राहुल तेवतिया को रिलीज किया है। रहाणे ने राजस्थान रॉयल्स के लिए 100 से ज्यादा मैच खेले हैं। उन्होंने 2011 से 2015 और फिर 2018 और 2019 के सीजन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। पिछले सीजन में उन्होंने कप्तान के रूप में शुरुआत की थी लेकिन सीजन के बीच में ही स्टीव स्मिथ को कमान सौंप दी गई थी। कप्तानी का दबाव हटने के बाद रहाणे ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ही 105 रनों की पारी खेली थी। सीजन के 14 मैचों में उन्होंने 393 रन बनाए थे। वहीं मार्कंडेय मुंबई इंडियंस से दिल्ली कैपिटल्स ट्रांसफर हुए थे अब उन्हें जयपुर टीम के लिए ट्रांसफर कर दिया गया है।

### पाक के खिलाफ डेविस कप के लिए पेस और शीर्ष खिलाड़ियों की वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले डेविस कप टेनिस मुकाबले के लिए गुरुवार को आठ सदस्यीय टीम चुनी जिसमें उसने उन खिलाड़ियों को भी जगह दी जो शीर्ष खिलाड़ियों के इनकार के बाद इस्लामाबाद जाने को राजी हो गए थे। अनुभवी स्टार खिलाड़ी लिएंडर पेस की एक साल से भी अधिक समय बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। टीम में शीर्ष खिलाड़ियों सुमित नागल, रामकुमार रामनाथन, शशि कुमार मुकुंद और रोहन बोपन्ना को भी जगह दी गई है जिन्होंने सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान जाने को लेकर आशंका जताई थी। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) द्वारा यहां घोषित की गई टीम में जीवन नेदुनचेझियान, साकेत माइनेनी और सिद्धार्थ रावत को भी जगह दी गई है।

### सितसिपास सेमीफाइनल में, राफेल नडाल की शानदार वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने गत चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार में जगह बना ली, जबकि रफेल नडाल ने शानदार वापसी करके अपनी खिताब की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। सितसिपास ने आंद्रे अगासी ग्रुप मैच में जर्मनी के ज्वेरेव को 6–3, 6–2 से हराया। अब उनके खिलाफ सितसिपास का रेकॉर्ड 4–1 का हो गया है । दूसरी ओर नडाल ने रूस के डेनिल मेदवेदेव को 6–7, 6–3, 7–6 से मात दी। नडाल लगातार 15वीं बार एटीपी फाइनल्स के लिए क्वॉलिफाइ करने के बावजूद कभी खिताब नहीं जीत सके हैं। ब्योर्न बोर्ग ग्रुप से डोमिनिक थिएम पहले की क्वालीफाई कर चुके हैं । बाकी एक स्थान के लिये रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच में मुकाबला होगा।

### रीजीजू ने वुशु विश्व चौम्पियनशिप पदक विजेताओं को सम्मानित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को यहां भारत के वुशु विश्व चौम्पियनशिप पदक विजेता प्रवीण, युमनाम सनाथोई देवी, पूनम खत्री और विक्रांत बालियान को सम्मानित किया। भारत ने पिछले महीने चीन के शंघाई में हुई विश्व चौम्पियनशिप में एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल चार पदक हासिल किये थे। स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रवीण को 20 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया जबकि रजत पदक हासिल करने वाली सनाथोई देवी और पूनम को 14–14 लाख रूपये का चेक प्राप्त हुआ। विक्रांत को कांस्य पदक जीतने के लिये आठ लाख रूपये का चेक मिला। पदार्पण करने वाले प्रवीण ने भारत के लिये इतिहास रचा था, वह पुरूष स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले वुशु खिलाड़ी बने थे। सेना के 22 साल के प्रवीण ने कहा, ''सेना के मेरे कोच और मेंटोर ने मुझे प्रोत्साहित कर लगातार भरोसा दिलाया कि मैं ऐसा कर सकता हूं। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और हर रात सोते समय मैं खुद से कहता था कि मैं स्वर्ण पदक जीत सकता हूं।